हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 जुलाई 2025

11 रेलवे अंडरब्रिज व जलभराव की समस्या बनी गले की फांस



12 नप के एक एमई के तबादले से नहीं खुला सफाई का टेंडर...



## खबर संक्षेप

### शराब सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया है। उसकी पहचान सुधीर उर्फ टिंकू पुत्र कमलेश कुमार, निवासी पुरानी सब्जी मंडी, गुरुद्वारा मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने जानकारी देते हुए बताया कि एचसी मनदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त के दौरान पुरानी सब्जी मंडी में मौजूद थी।

### 221 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गांजा सहित मौके पर काबू किया है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम इंदिरा कॉलोनी, टोहाना में अपराध की रोकथाम हेतु गश्त कर रही थी। इस दौरान जब टीम एक गली से गुजर रही थी, तो गली में एक युवक मोमी लिफाफा हाथ में लिए खड़ा मिला।

### अवैध हथियार सप्लाई करने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** जिलेभर में अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद पुलिस को सफलता मिली है। पहले से गिरफ्तार आरोपी विक्रम उर्फ मजनू से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने उसके साथी रोहित उर्फ राहुल निवासी खानपुर कलां, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) को पानीपत से गिरफ्तार किया है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक यादविंदर ने बताया कि 9 जून को पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत थाना सदर रतिया में एक मामला दर्ज किया था।

### सैलून संचालक नशीली दवाइयों सहित गिरफ्तार

**ओढां।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गांव टप्पी क्षेत्र से एक सैलून संचाक को तीन सौ नशीली व कैप्सूल सहित गिरफ्तार किया है। वीरवार को सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान वकील के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव टप्पी में मौजूदी थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गांव टप्पी क्षेत्र में एक व्यक्ति नशीली दवा बेचता है।

### विद्यार्थियों को प्लास्टिक फ्री के प्रति किया जागरूक

**सिरसा।** भारत विकास परिषद की शहीद भगत सिंह शाखा द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक फ्री डे के उपलक्ष्य में जीएसएसएस नाथूसरी चोपटा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। गणित अध्यायक विवेक कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विवेक शर्मा ने बताया कि इस दिन की शुरुआत साल 2009 में जीरो वेस्ट यूरोप ने की थी और इसके बाद से इसे पूरी दुनिया में लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाने लगा।

### हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान गांव गंगा क्षेत्र से एक युवक को 10 ग्राम 62 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। वीरवार को सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान इकबाल सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव अबूबशहर से होते हुए गांव गंगा जा रही थी। इसी दौरान फिरनी की तरफ से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जो कि सामने पुलिस को देखकर भागने लगा।

# चांदपुरा में 8000, खनौरी में 6050 तो गुहला में 19255 क्यूसिक पानी डिस्चार्ज

## खतरा : लगातार बढ़ रहा घग्गर का जलस्तर, डीसी लगातार ले रही पल-पल की अपडेट, प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद।

हिमाचल प्रदेश की शिवालिक की पहाड़ियों में पिछले दिनों से लगातार हो रही बरसात से क्षेत्र से गुजर रही घग्गर के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 3 दिनों में यहां चांदपुरा साइफन पर जलस्तर 800 क्यूसिक से बढक़र 8 हजार क्यूसिक तक पहुंच गया। वीरवार को खनौरी में वॉटर डिस्चार्ज 6050 क्यूसिक दर्ज किया गया तो पीछे से गुहला चीका में थोड़ी राहत की खबर मिली। यहां पर सुबह वाटर डिस्चार्ज सुबह 21252 था जोकि शाम को घटकर 19255 क्यूसिक पर आ गया। जानकारों का मानना है कि ऐसे ही जलस्तर बढ़ता रहा तो एक बार फिर बाढ़ की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यह बता देना उचित होगा कि दो वर्ष पूर्व जुलाई



**फतेहाबाद।** घग्गर नदी में आया पानी।

माह में बाढ़ आई थी जोकि इससे पूर्व हर बार सितम्बर माह में ही बाढ़ का पानी यहां आया है। पीछे से पानी बढ़ने के चलते चांदपुरा साइफन हेड पर भी जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। 29 जून को गुहला चीका में सुबह 6 बजे 4620 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया जबकि शाम को यहां पानी का बहाव 3850 क्यूसिक पानी का बहाव था। जबकि चांदपुरा में सुबह 800 व शाम को 900 क्यूसिक पानी का बहाव था। एक जुलाई को गुहला चीका में 23912 व चांदपुरा में 1300 क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया। दो जुलाई को सुबह 6 बजे गुहलाचीका में 22176, खनौरी में 5800 व चांदपुरा में 3550 क्यूसिक पानी का बहाव था। दो जुलाई को शाम की रिपोर्ट के अनुसार गुहला चीका में 20020, खनौरी में 6000 तो चांदपुरा में रिकार्ड स्तर 5350 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया था। अब वीरवार 3 जुलाई को सुबह 6 बजे की रिपोर्ट के अनुसार गुहला चीका में 21252, खनौरी में 6050 व चांदपुरा में 8 हजार क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया वहीं शाम को गुहला चीका में पानी कम होकर 19255 क्यूसिक रह गया जबकि खनौरी व चांदपुरा में वॉटर डिस्चार्ज 6050 व 8 हजार क्यूसिक ही चलता रहा।

### प्रशासन चिंतित, तटबंधों को मजबूत करने के आदेश

*सिंचाई विभाग के एसडीओ ने कहा कि घग्गर में पानी का लेवल बढ़ रहा है। इसको लेकर सिंचाई विभाग व पंचायत विभाग अपने स्तर पर तैयारियां कर रहा है। बुधवार को डीसी मनदीप कौर ने बैठक लेकर सभी अधिकारियों को संभावित बाढ़ की आशंका को लेकर जिम्मेवारी सौंपी। चांदपुरा में तटबंध मजबूत करने और मिट्टी के बैग स्टॉक करने को कहा गया है। घग्गर व रंगोई नाले के किनारों पर निगाह रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी बाढ़ को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीसी से पूरे जिले की अपडेट ली।*

### दो वर्ष पूर्व आई बाढ़ के कारण भयभीत है लोग

*फतेहाबाद में दो साल पहले नदी में भारी मात्रा में पानी की आवक हुई थी, जिससे नदी व नदी के सहायक रंगोई नाले के तटबंध टूटने से जाखल के अलावा जिले के कई क्षेत्रों में बाढ़ आ गई थी। उस वक्त सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीणों के हाथ पांव फूल गए थे। बाढ़ के मंजर से किसानों की फसले बर्बाद हो गई थी। इससे ग्रामीणों को बड़ी क्षति झेलनी पड़ी थी। उस समय सभी ने दिन-रात एक कर कई दिनों की कड़ी मशक्कत से बिगड़े हालातों पर काबू पाया था।*

### एसडीएम ने कर्मचारियों की छुट्टियां की रद

*संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने सभी विभाग अध्यक्षों को पत्र लिखकर अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियों को तत्काल रद्द करने व मुख्यालय पर उपस्थित रहने के आदेश दिए। सभी विभाग के अध्यक्षों को खि पत्र में एसडीएम ने कहा कि मौजूदा मौसम की स्थिति और क्षेत्र में आगामी बाढ़ की संभावना को देखते हुए जनता को समय पर सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहे और प्रभावी आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों के लिए सभी अधिकारियों का कर्मचारियों की उपस्थिति बहुत जरूरी है।*

## घरेलू कलह के चलते दूसरे भाई को बना दिया हत्यारा

# लाठी-डंडों से पीटकर छोटे ने की बड़े भाई की हत्या

*शराब के नशे में दिया घटना को अंजाम, जमीन पर लहूलुहान पड़ा मिला 65 वर्षीय रघुबीर का शव*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना/फतेहाबाद

जिले के भूना क्षेत्र के गांव नहला में गुरुवार सुबह पारिवारिक झगड़े में छोटे भाई ने शराब के नशे में अपने बड़े भाई की लठ मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 65 वर्षीय रघुवीर सिंह बेनीवाल के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुरेंद्रा मौके पर पहुंचे। रघुवीर सिंह जमीन पर लहूलुहान हालत में पड़ा था। पुलिस ने तुरंत एम्बुलेंस से उसे सीएचसी केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर डीएसपी कुलवंत सिंह बिश्नोई भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी छोटे भाई 60 वर्षीय सतबीर सिंह बेनीवाल को हिरासत में लिया, जिससे पूछताछ जारी है। मृतक के बेटे सतीश बेनीवाल की शिकायत पर पुलिस ने सतबीर सिंह और उसकी पत्नी गुड्डी देवी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। सतीश ने बताया कि चार दिन पहले उसकी बुआ चंद्र देवी अपने भाई सतबीर सिंह के घर आई थी। गुरुवार सुबह उसके पिता रघुवीर सिंह ने बुआ को आवाज दी। इस पर चाची गुड्डी देवी नाराज हो गई और गाली-गलौच करने लगी। उसने चाचा सतबीर को लाठी देकर हमला करने को उकसाया। सतबीर ने तुरंत लाठी से रघुवीर सिंह पर वार कर दिया। सतीश ने बताया कि उसका चाचा शराब के नशे में था और बेरहमी से उसके पिता की हत्या कर दी। इस मामले में जांच अधिकारी रामपाल खिलेरी ने बताया कि शिकायत के आधार पर सतबीर सिंह और उसकी पत्नी गुड्डी देवी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल फतेहाबाद भेजा गया है।



रघुवीर सिंह बेनीवाल का फाइल फोटो।



**भूना।** पुलिस में बयान देकर हत्या का मामला दर्ज करवाते मृतक के बेटे सतीश बेनीवाल। *फोटो: हरिभूमि*

### बड़े भाई की हत्या का जीवनभर रहेगा पछतावा

आरोपी सतबीर सिंह ने बताया कि बड़े भाई का खून उसके हाथों से हो गया, जो जीवन भर का कलंक बन गया। उसने कहा कि वह अपने भाई को मारना नहीं चाहता था, लेकिन गुस्से में यह घटना हो गई। आरोपी ने बताया कि रघुवीर सिंह शराब पीकर रोज गाली देता था और परिवार को परेशान करता था। बुधवार रात वह गंडासा लेकर छत पर चढ़ गया और अश्लील गालियां देने लगा। घर में उसकी बेटी, बहन और पत्नी ने उसे रोकने की कोशिश की। रात को मामला शांत हो गया था, लेकिन गुरुवार सुबह करीब 10:45 बजे वह फिर शराब पीकर गाली देने लगा। सतबीर ने लाठी उठाई और हाथ पर मारने की कोशिश की, लेकिन वार सिर पर लग गया। उसने कहा कि उसे जीवन भर इस पाप का पछतावा रहेगा। सतबीर ने दावा किया कि उसने 18 साल पहले शराब पीना छोड़ दिया था। भतीजे द्वारा लगाए गए आरोप गलत हैं। उसका भाई रघुवीर ही शराब का आदी था।

### क्या कहते है एसएचओ

भूना थानाध्यक्ष इंस्पैक्टर सुरेंद्रा ने बताया कि पारिवारिक झगड़े में छोटे भाई सतबीर सिंह ने लाठी मारकर रघुवीर सिंह की हत्या कर दी। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### पांच बेटों में दूसरे नंबर पर था रघुवीर हत्यारोपी सबसे छोटा

रघुवीर सिंह बेनीवाल, स्वर्गीय धर्मचंद बेनीवाल के पांच बेटों में दूसरे नंबर पर था। सबसे छोटा सतबीर सिंह हैं। सबसे बड़े ओमप्रकाश सहित तीन भाइयों की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। एक भाई अविवाहित था। धर्मचंद के पास 18 एकड़ जमीन थी, बाद में बेटों की मेहनत से 6 एकड़ और खरीदी गई। रघुवीर सिंह की पत्नी मेमो देवी का निधन कोरोना काल में हुआ था। उनके दो बेटे सतीश व मंजीत और एक बेटी सुमन है, सभी शादीशुदा हैं। घरेलू कलह और शराब के नशे ने एक भाई को दूसरे भाई का हत्यारा बना दिया।

# नई लाइटों से जगमग नजर आएगी सैक्टर 9-11 की सड़कें, टेंडर जारी

- टेंडर 10 जुलाई को खोला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

लघु सचिवालय के सामने सैक्टर 9-11 को जाने वाली सड़क अब जल्द ही नई लाइटों से जगमग नजर आएंगी। इसको लेकर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है। टेंडर 10 जुलाई को खोला जाएगा। टेंडर खुलते ही इस सड़क पर लाइटों को लगाने का काम शुरू हो जाएगा। इसको लेकर शहर के युवा समाजसेवी पियुष नारंग द्वारा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कई बार शिकायत भेजी गई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने आखिरकार टेंडर जारी कर दिया है। इस काम पर करीब 70 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस बारे जानकारी देते हुए पियुष नारंग ने बताया कि लघु सचिवालय के सामने से सैक्टर 9-11 की सड़क पर शाम ढलते ही घना अंधेरा छा जाता है। यह सड़क नए सिटी थाना और नए बन रहे सरकारी अस्पताल को भी जाती है लेकिन सड़क एन्ट्री प्वाइंट से ही काफी जगह से टूटी हुई है। शाम ढलते ही यह लाइटें न होने से अंधेरा छा जाता है और हर समय हादसे होने का डर बना रहता है। पियुष नारंग ने कहा कि उन्होंने इसको लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत कर इस सडक़ों पर लाइटें लगवाने की मांग की थी। इसके बाद अब विभाग द्वारा लाइटें लगाने को लेकर टेंडर जारी कर दिया गया है। टेंडर खुलते ही इस सडक़ पर लाइटें लगाने का काम शुरू हो जाएगा जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने इस पर हुडा विभाग हिसार के अधिकारियों का आभार जताया और इस प्रोजेक्ट पर जल्द काम शुरू करने की भी मांग की। टेंडर के अनुसार, सेक्टर-11 में ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। 11 केवी लाइन बिछाई जाएगी और स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी। ये लाइटें एलईडी होंगी, जिनका तीन साल तक का लायबिलिटी पीरियड भी रहेगा, वहीं, ट्रांसफॉर्मर की लायबिलिटी 6 साल की रहेगी।

# जैन संतों के चातुर्मास के मंगलमय प्रवेश को लेकर चलेगी मुफ्त बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

संत शिरोमणि स्वामी फूलचंद महाराज, पंडित रत्न रण सिंह महाराज के शिष्य सुमति मुनि महाराज, ज्योतिष आचार्य उपपरवर्तक सत्य प्रकाश महाराज व सेवा भावी समर्थ मुनि महाराज का चातुर्मास के लिए मंगलमय प्रवेश 5 जुलाई शनिवार को प्रातः 8:30 बजे पंजाब के सरदूलगढ़ में होगा। इस भव्य समारोह में रतिया से सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए जैन समाधि संस्था के प्रधान सुरेश जिंदल, महामंत्री कैलाश गर्ग, कोषाध्यक्ष मोहन जैन ने बताया कि श्रद्धालुओं को सरदूलगढ़ ले जाने के लिए प्रातः 6:30 बजे रतिया से एक बस चलेगी जिसमें श्रद्धालु निशुल्क इस भव्य समारोह में भाग ले सकते हैं। जिंदल ने बताया की जैन संत भारत वर्ष में भ्रमण करते हुए 8 माह तक जैन धर्म का संदेश घर-घर पहुंचते हैं लेकिन इस वर्षाकाल में चार महीने के लिए एक स्थान पर रह कर धर्म संदेश देते हैं। उपरोक्त जैन संतों का इस वर्ष 2025 का चातुर्मास सरदूलगढ़ में होगा तथा इसमें भाग लेने के लिए रतिया से सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु सरदूलगढ़ पहुंचेंगे।

### छात्रा बीनू का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट बीनू ने मलोट ने पंजाब में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के बेसिक लीडरशिप कैंप में भाग लेकर महाविद्यालय एवं जिला को गौरवान्वित किया है। सीएमके की छात्रा बीनू तृतीय हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी, हिसार के उन 3 चयनित कैडेट्स में शामिल हैं, जिन्हें बटालियन स्तर पर चयनित होकर इस राष्ट्रीय स्तर के शिविर में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। शिविर के दौरान कैडेट्स को नेतृत्व कौशल, शारीरिक प्रशिक्षण, अनुशासन, समूह कार्य, तथा राष्ट्रसेवा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। छात्रा बीनू ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाते हुए सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की।

# अस्पताल पर कारतूस बरसाने की धमकी देने वाले पर केज दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के मॉडल टाउन स्थित गगन मेमोरियल अस्पताल पर गोलों की तरह कारतूस बरसाने की धमकी देने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने अस्पताल संचालक की शिकायत पर गुरूवार को एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने डा. दलीप तंवर की शिकायत पर सीताराम पुत्र बद्री प्रसाद निवासी ढाणी माजरा व अन्य अज्ञात लोगों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। बता दें कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर धमकी भरा वीडियो जारी कर कहा था कि गगन मेमोरियल अस्पताल में कोई मत आइयो, यहां गोलों की तरह कारतूस बरसेंगे। धमकी देने का आरोपी सीताराम अस्पताल संचालक की बिल्डिंग का पूर्व किरायेदार है और उसने अस्पताल संचालक से बिल्डिंग किराए पर ली थी। एसपी के नाम दी शिकायत में मॉडल टाऊन सीति गगन मैमोरियल अस्पताल के संचालक डॉ. दलीप तंवर ने कहा कि गांव ढाणी माजरा निवासी एक व्यक्ति को उन्होंने अपनी बिल्डिंग 11 महीने के लिए किराए पर दी थी। जिसका इकरारनामा 11 जून 2025 को खत्म हो गया। 23 जून को शहर थाना प्रभारी और बस स्टैंड चौकी पुलिस के कर्मचारी की मौजूदगी में बिल्डिंग खाली करवा ली गई थी। 29 जून की रात को आरोपी पूर्व किरायेदार सीताराम दोबारा अपने साथियों के साथ बिल्डिंग में घुस आया। उसने अस्पताल के मुख्य द्वार और सामने की दीवार पर लिखा अस्पताल का नाम रंग करके मिटा दिया। डॉ.दलीप तंवर ने बताया कि इससे पहले भी 15, 28 अप्रैल और 10, 21 और 22 जून को सीताराम के खिलाफ उन्होंने शिकायतें दी थीं। कई बार राजीनामा हुआ, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।

### सोशल मीडिया पर दी धमकी

फतेहाबाद। सोशल मीडिया पर धमकी भरा वीडियो जारी कर आरोपी ने कहा कि गगन मेमोरियल अस्पताल में कोई मत आईयो, यहां गोलों की तरह कारतूस बरसेंगे। क्योंकि इसने मेरे पर बरसाए थे, अब मैं बरसाऊंगा। किसी और का नुकसान न हो जाए। मैं एक शरीफ था, लेकिन शराफत की दुनिया में मैं दो कोड़ी का नहीं रहा। अब मैं अंडरवर्ल्ड का बेताज बादशाह बनूंगा।



शिकायतकर्ता डॉ. दलीप तंवर।

# गांजा तस्करी का फरार आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

थाना शहर टोहाना पुलिस ने ओल्ड तहसील रोड, टोहाना से फरार चल रहे एक आरोपी को गांजा और देशी शराब तस्करी के मामले में काबू किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान महक पुत्र सतपाल निवासी वार्ड नंबर 2, राजनगर टोहाना हाल निवासी बाबा बूटा बस्ती, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 20 मई को पुलिस टीम गश्त के दौरान अपराधियों की धरपकड़ में जुटी थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि महक नामक युवक अपने घर के आसपास अवैध रूप से गांजा और शराब की सप्लाई करता है और भारी मात्रा में नशीला पदार्थ उसके पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत रैड कर घर की तलाशी ली, जहां से 331 ग्राम गांजा और 14 बोतल देशी शराब बरामद की गई। हालांकि, उस समय आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया था। फरारी के बाद पुलिस ने अलग से एक टीम गठित कर आरोपी की धरपकड़ के प्रयास तेज किए।

# बलराम स्वामी हनुमान मंदिर के पुजारी बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

गांव नुहियांवालीं में स्थित हनुमान मंदिर कमेटी की सहमति से बलराम स्वामी को मंदिर का पुजारी बनाया गया। कमेटी सदस्यों ने बताया कि इस मंदिर में कुल तीन मंदिर हैं। एक मंदिर में सरदार शहर के बालाजी रूप में हनुमान जी विराजमान है। दूसरे में माता अंजनी के साथ बालरूप में हनुमान जी व तीसरे में मावडिय़ा माता का मंदिर है। मंदिर के प्रति लोगों की ऐसी आस्था व विश्वास है कि यहां पर एक नारियल बांधने से पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। पंडित जगदीश जोशी ने मंदिर की 40 वर्ष तक सेवा की है इनका बालाजी की भक्ति पर अटूट विश्वास है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि व नंबरदार आत्मा राम, राजेंद्र निमिवाल, कृष्ण जोशी, सुरेंद्र कूकना, मनीष जोशी, रमन गैदर, संदीप जयानी, अनिल कुमार, ओम गोदारा, गोपी देमिवाल आदि मौजूद रहे।

## दिशा की बैठक में सांसद सैलजा ने अधिकारियों को सुनाई खरी-खोटी

# पेयजल-स्वच्छता से जुड़े कार्य प्राथमिकता से करें पूरा

- बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 34 एजेंडे रखे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पंचायत भवन में वीरवार को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सांसद कुमारी शैलजा ने की। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 34 एजेंडे रखे गए। सैलजा ने उपायुक्त से कहा कि नहरों की सफाई और घग्घर के तटबंधों की जांच के लिए कमेटी गठित कर इसकी जांच करवाई जाए। बैठक में एक-एक एजेंडे पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। सांसद सैलजा दिशा की बैठक में हर बार कड़ा रूख अख्तियार करती हैं। इसी कड़ी में आज भी सैलजा ने अधिकारियों को खूब खरी-खोटी सुनाई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों को नेशनल हाईवे के ड्रेनेज को लेकर को सांसद ने कहा कि बहाने बनाने से काम नहीं चलेगा वे स्वयं देखकर आई है कि कोई सफाई नहीं हुई है, कोई मरम्मत नहीं है, मीडिया और अधिकारियों के साथ लेकर चलते हैं वे भी देख लेंगे कि कैसे काम हो रहा है। इसके साथ ही सांसद ने नहरों की सफाई और तटबंधों को मजबूत ने किए जाने को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की क्लास लगाई साथ ही कुमारी सैलजा ने उपायुक्त शांतनु शर्मा से कहा कि ये गंभीर मामला है, कमेटी गठित कर इसकी जांच करवाई जाए।



**सिरसा।** बैठक में शिकायतें सुनीत सांसद कुमारी सैलजा। *फोटो: हरिभूमि*

### सिरसा में पीने के पानी-सीवरेज की समस्या उठाई

इस बैठक के दौरान पहुंचे शहरवासियों ने सिरसा नगर में पीने के पानी की कमी और सीवर ओवरफ्लो होने की समस्या सांसद के समक्ष रखी, लोगों ने बताया कि कुछ वार्डो में कई कई दिन से जलापूर्ति बंद है लोग कैंटर से पानी मंगाकर गुजारा कर रहे है। इस मौके पर ऐलनाबाद के विधायक भरत सिंह बैनीवाल, कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला, उपायुक्त शांतनु शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी मंचासीन थे।

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, ब्रिज या फ्लाईओवर्स का निर्माण हमारे यातायात को सुगम बनाने के लिए किया जाता है। सड़क या रेलवे लाइन को पार करने के लिए भी फुटओवर ब्रिज बनाए जाते हैं। सिर्फ इंसान के लिए ही नहीं, कई देशों में इस तरह के ब्रिज वन्य जीवों के लिए भी बनाए गए हैं ताकि वे वाहनों से टकरा कर चोटिल ना हों, सुरक्षित रहें। जानो, इन अनूठे ब्रिजेस के बारे में।



# वन्य जीवों के लिए अनूठे ग्रीन ब्रिज

### क्रैब ब्रिज, क्रिसमस आइलैंड नेशनल पार्क ऑस्ट्रेलिया

**ऑस्ट्रेलिया के** क्रिसमस आइलैंड में हर साल बहुत बड़ी संख्या में रेड क्रैब समुद्र की तरफ माइग्रेशन के लिए निकल पड़ते हैं। रास्ते में कई बार वाहनों द्वारा कुचल कर सैकड़ों क्रैब्स यानी केकड़े अपनी जान गंवा देते हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखकर वहां एक 16 फीट ऊंचा पुल बना दिया गया। अब व्यस्त सड़क के ऊपर से बिना किसी जोखिम के आसानी से ये क्रैब्स निकल जाते हैं। इतना ही नहीं, यहां 31 स्पेशल क्रैब अंडरपास और 65 मील लंबाई के प्लास्टिक बैरियर भी लगा दिए गए हैं। ताकि केकड़े इधर-उधर ना भटक कर पैसेज की तरफ से ही आगे बढ़ें और सुरक्षित रहें। *

### नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू नीदरलैंड



**नीदरलैंड का** नेचरबर्ग जैंडरीज क्रैलू दुनिया में सबसे लंबी वन्य जीव क्रॉसिंग है। बालू से बना हुआ यह कुदरती पुल, 2625 फीट लंबा और 164 फुट चौड़ा है। यह ब्रिज कई सड़कों, रेलवे लाइनों और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ऊपर से गुजरता है। रोजाना इस ब्रिज का उपयोग हिरण, जंगली सुअरों सहित कई अन्य जीव-जंतु करते हैं। इस ब्रिज की सहायता से ये जंगलों तक बड़े आराम से पहुंच जाते हैं। नीदरलैंड में 600 से ज्यादा ऐसे ईकोडक्ट बनाए गए हैं। *

### वाइल्डलाइफ ओवरपास बैनफ नेशनल पार्क कनाडा

**कनाडा के** अल्बर्टा में स्थित बैनफ नेशनल पार्क में हिरणों की कई प्रजातियां, बारासिंघा, भूरे भालू और अन्य कई छोटे-बड़े वन्य जंतु पाए जाते हैं। जब ये वन्य जंतु वहां के हाईवे को पार करके दूसरी तरफ जाते हैं, तब तेज गति से गुजरते वाहनों से इनके टकरा कर घायल होने का खतरा रहता है। इस खतरे को ध्यान में रखकर वहां के जागरूक नागरिकों और वन्यजीव अधिकारियों ने 1996 में ट्रांस कनाडा हाईवे पर 6 वन्य जीव फ्लाईओवर ब्रिज और 38 अंडर पासेस का निर्माण करवाया। इन पुलों के निर्माण के बाद सड़क दुर्घटना में मरने वाले जानवरों की संख्या में काफी कमी आई है। *



### नट्टी नैरो ब्रिज, लॉन्ग व्यू अमेरिका




**अमेरिका के** वाशिंगटन के लॉन्ग व्यू में ओलंपिया वे पर बना यह एक पतला-सा एनिमल क्रॉसिंग ब्रिज है, जो मुख्य रूप से गिलहरियों के लिए बनाया गया है। इसकी चौड़ाई इतनी ही है कि गिलहरी जैसे छोटे जंतु इस पर मजे से चल सकें। अकसर गिलहरियां रोड क्रॉस करते हुए गाड़ियों के नीचे दब जाती थीं। 1963 में एक स्थानीय बिल्डर एमोस पीटर्स ने गिलहरियों को ट्रैफिक भरी सड़क से दूर रखने के उद्देश्य से इस नट्टी नैरो ब्रिज को बनवाया था। इसके बाद वाशिंगटन में जगह-जगह इस तरह के कई पुल बनाए गए। *




### ए 556 ग्रीन ब्रिज यूके

**यूनाइटेड किंगडम** (यूके) में वन्य जीवों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाए गए पुलों को ग्रीन ब्रिज कहते हैं। इंग्लैंड के चेशायर में कई छोटे-बड़े जंतु रहते हैं। यहां 2018 में नूट्सफोर्ड से बाऊडॉन बाईपास तक एक ग्रीन ब्रिज बनाया गया। इस ग्रीन ब्रिज का उपयोग वन्य जीवों के साथ यहां निवास करने वाले किसान और मजदूर भी करते हैं। *

### ईकोलिंक सिंगापुर

**सिंगापुर में** बड़ी संख्या में वन्य जीव पाए जाते हैं। यहां सिटी सेंटर के बाहर स्थित रेनफॉरेस्ट नेचर रिजर्व, सड़क निर्माण के कारण दो हिस्सों में बंट गया था। इससे वन्य जीवों को विचरण करने में बहुत परेशानी होती थी। 2013 में इन्हें ईकोलिंक ओवरपास के माध्यम से जोड़ दिया गया। यह ईकोलिंक 8 लेन का है। दक्षिण पूर्वी एशिया में अपनी तरह का यह पहला ओवर पास है। *



ऐतिहासिक धरोहर / रजनी अरोड़ा

# दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार



बच्चो, अगर तुमसे पूछा जाए कि दुनिया की सबसे लंबी दीवार कौन-सी है, कहां है? तो झट से तुम्हारा जवाब होगा-द ग्रेट वाल ऑफ चाइना। लेकिन क्या तुम्हें पता है चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार कहां स्थित है, कौन-सी है? यह दीवार अपने देश भारत में है। राजस्थान राज्य में स्थित कुंभलगढ़ किले की दीवारों को दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार का दर्जा प्राप्त है।

**यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में है शामिल:** राजस्थान के कुंभलगढ़ किले की दीवार 36 किलोमीटर लंबी है। इस दीवार को यूनेस्को ने दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार घोषित किया है। इसके अलावा यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज की लिस्ट में भी इस दीवार को शामिल किया गया है।



**ऐतिहासिक महत्व:** कुंभलगढ़ किले का निर्माण महाराणा कुंभा ने 15वीं शताब्दी में करवाया था। तुमने इतिहास की किताबों में शूरवीर नायक महाराणा प्रताप के बारे में पढ़ा होगा। महाराणा उदय सिंह के पुत्र महाराणा प्रताप का जन्म इसी कुंभलगढ़ के किले में हुआ था। यह किला कुंभलगढ़ की संकटकालीन राजधानी रहा है। मेवाड़ पर जब भी कोई बाहरी आक्रमण होता था, मेवाड़ का राज परिवार इसी किले में सुरक्षित रहता था। पन्ना धाय ने इसी किले में छिप कर महाराणा प्रताप के पिता उदय सिंह का पालन-पोषण किया था। हल्दी घाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप भी काफी समय तक इसी किले में रहे थे।

**किले की विशेषताएं:** उत्तर-पश्चिमी भारत की अरावली माउंटेन रेंज पर बना कुंभलगढ़ किला समुद्र तल से करीब 1,100 मीटर (3,600 फुट) ऊंचाई पर बना है। इसमें करीब 350 से ज्यादा प्राचीन जैन और हिंदू मंदिर हैं। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ही नहीं, अपने वास्तुशिल्प के लिहाज से भी यह किला बेजोड़ है। कई पहाड़ियों और घाटियों को मिलाकर बना यह किला बहुत ही अनोखा और मजबूत है। इस किले के ऊंचे स्थानों पर महल, मंदिर और घर बनाए गए हैं। समतल भूमि का उपयोग खेती के लिए और ढलान वाली जगहों पर जलाशय बनाए गए हैं। खुद महाराणा कुंभा ने इस किले का डिजाइन तैयार किया था। माना जाता है कि महाराणा कुंभा मजदूरों को प्रतिदिन करीब 50 किलो घी और 100 किलो रुई देते थे ताकि रोशनी जलाकर किले का काम रात को भी किया जा सके। इस किले के निर्माण में लगभग 15 वर्ष का समय लगा।

कुंभलगढ़ किले की दीवार अरावली की 13 पहाड़ियों तक फैली है, जो 36 किलोमीटर लंबी और 15 फुट चौड़ी है। इसमें 7 विशाल दरवाजे और वॉच-टॉवर हैं। यह दीवार इतनी चौड़ी है कि इस पर एक साथ दस घोड़े आसानी से दौड़ सकते हैं, मजबूत इतनी है कि कई आक्रमणकारी इसे तोड़ कर लांघ नहीं पाए। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# रोमांचक बाल-उपन्यास

पंजाबी भाषा में लिखे और पुरस्कृत 'पताल दे गिठमुठिए' उपन्यास का हिंदी अनुवाद 'पाताल के बौने' हाल में छपकर आया है। इसकी कहानी 'रसूलपुर' गांव से शुरू होती है। जहां पानी की कमी है और गांव वाले पानी की कमी दूर करने के लिए कुआं खोदते हैं। बच्चों के लिए भी यह काम कौतूहल जगाने वाला है। तभी गांव का एक आदमी गांव वालों को जमीन के नीचे रहने वाले बौनों को देखे जाने का एक मनगढ़ंत किस्सा सुनाता है। इसे सुनकर गांव का एक बच्चा निक्कू एक शाम उस नए बनते कुएं में लगी हुई सीढ़ी से बौनों को देखने नीचे उतर जाता है। तभी अचानक उसकी भेंट सचमुच एक छोटे से जीव से हो जाती है। अब निक्कू हैरान भी है और भौंचक भी कि वह अब क्या करे? लेकिन वह हिम्मत से उस नए जीव के साथ आगे बढ़ता जाता है। जमीन के नीचे एक अलग दुनिया दिखती है। अब निक्कू वहां किन मुसीबतों में पड़ता है? और उनसे फिर कैसे किसी जांबाज की तरह बच निकलता है? यह पूरी कहानी तुम इस बौनों के रोमांचकारी दुनिया में ले जाने वाली किताब में पढ़ सकते हो। *




**किताब:** पाताल के बौने (पंजाबी बाल-उपन्यास), **लेखक:** जसबीर भुल्लर, **अनुवाद:** जसबीर कौर, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**रिया:** आंखों के भाई को क्या कहते हैं?
**सिया:** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**रिया:** आई'ब्रो'। -कोमल, हिसार

**मोनू (समोसे वाले से):** भैयाजी, 10 समोसे देना।
**समोसे वाला:** पैक करके देना है?
**मोनू:** नहीं, मैं पेन ड्राइव लाया हूं। उसमें समोसे नाम का फोल्डर बनाओ और डाल दो। -अनिकेत, सरगुजा

## जीके क्विज-160

1. हाल ही में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय कौन बने हैं?
2. वूमेंस वन-डे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप 2025 किन दो देशों में आयोजित किया जाएगा?
3. दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश कौन-सा है?
4. सत्यशोधक समाज की स्थापना किसने की थी?
5. इडुक्की वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
6. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
7. भारत के किस प्रदेश को पहले 'नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी' के नाम से जाना जाता था?
8. भारत रत्न से सम्मानित बिस्मिल्लाह खान का संबंध किस वाद्य यंत्र से था?
9. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' के नाम से भी जाना जाता है?
10. आंवला में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-160 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-159 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2.साइप्रस, 3.बंडारू दत्तात्रेय, 4.मध्य प्रदेश, 5.लैक्टोमीटर, 6.साहित्य, 7. 11 जुलाई, 8.महात्मा गांधी, 9.जगन्नाथ मंदिर, 10.हिंद महासागर


**जीके क्विज-159 का सही उत्तर देने वाले :** सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-रायगढ़, राम-सीतापुर, गोविंद-रायपुर, तान्या-भोपाल, कमल-महासमुंद, राम-राजनांदगांव, हर्ष-बालोद



कहानी
क्षमा शर्मा

अजीब बच्चा था अंतरिक्ष, जहां बच्चे विशालकाय डायनासोर, सांप-बिच्छू और छिपकलियों से डरते हैं, वहीं अंतरिक्ष मजे से इनके खिलौनों से खेलता था। लेकिन नन्हा अंतरिक्ष जब स्कूल जाने लगा तो उसके दादा जी ने खतरनाक जंतुओं वाले खिलौने से दूर रहने को कहा। ऐसा उन्होंने क्यों कहा...?

# अंतरिक्ष का स्कूल



अंतरिक्ष ने स्कूल जाना शुरू किया था। जब भी उसकी मम्मी उठातीं, वह खूब-रोता, 'नहीं जाना स्कूल, नहीं जाना है..', कहकर बिस्तर में लेटे रहने की कोशिश करता। मम्मी उसे गोद में उठाकर लातीं, मुंह धुलवातीं, ब्रश करातीं, नहलातीं। स्कूल ड्रेस पहनातीं। थोड़ी ही देर में वह उसका नाश्ता टेबल पर लगा देतीं। कहतीं, 'मेरा राजा बेटा तो बहुत अच्छा है। वह तो बिल्कुल भी जिद नहीं करता।' तभी उसकी देखभाल करने वाली डेल्सी आंटी उसके लिए गरम दूध ले आतीं। अंतरिक्ष दूध पीने में भी बहुत मान-मनौव्वल कराता। जब डेल्सी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं, तो वह जिद करता, 'नहीं मम्मी से..।' और जब मम्मी उसे दूध पिलाने की कोशिश करतीं तो वह डेल्सी को बुलाता। कभी-कभी मम्मी नाराज होतीं, कहतीं, 'अंतरिक्ष, क्यों सबेरे-सबेरे परेशान करके टाइम खराब करते हो।' लेकिन अंतरिक्ष वही करता, जो उसके मन में होता। दूध भी ऐसे पीता कि मुंह पर दोनों तरफ दूध की सफेद मूंछें बन जातीं। यह देख पापा कहते, 'अरे, हमारा बेटू तो दादा जी जैसा बन गया।'

अंतरिक्ष की दादा जी जैसी सफेद मूंछें! वह दौड़ कर शीशे में जाकर देखता और हंसता। इस तरह उसका रोना रुक जाता। मम्मी उसके बस्ते में लंच बॉक्स और जरूरी चीजें रखतीं। पापा उसके जूते पॉलिश करते, मम्मी उसे पहनातीं। फिर पापा बाहर जाकर गाड़ी निकालते और हॉर्न बजाते। इसका मतलब होता-अंतरिक्ष, जल्दी से बाहर आ जाओ। टाइम हो गया। वह दौड़ने को होता कि मम्मी बाहर तक उसे नाश्ता खिलाती जातीं। उन्हें पता था कि वह नाश्ता करने में भी, दूध पीने की तरह कितने नखरे दिखाता है, मौका मिलते ही छोड़कर भाग जाता है।

अंतरिक्ष को डायनासोर, सांप, बिच्छू और छिपकलियां बहुत पसंद थीं। उसके बर्थ-डे पर उसके दोस्तों ने चिड़िया से लेकर रियल डॉगी के साइज के बराबर तक के डायनासोर वाले खिलौने दिए थे। हालत यह थी कि अंतरिक्ष की मम्मी छिपकली को देखकर डर से कांपने लगती थीं, और अंतरिक्ष था कि इन खिलौनों को अपने साथ लेकर सोता। स्कूल भी अपने इन्हीं खिलौनों में से किसी एक को साथ ले जाता। पूरे स्कूल में वह डायनासोर वाले अंतरिक्ष के नाम से मशहूर था। उसकी टीचर्स और प्रिंसिपल भी इस बारे में जानती थीं।

आज सवेरे जब अंतरिक्ष पापा के साथ स्कूल पहुंचा, तो उसकी सभी टीचर्स बाहर ही खड़ी थीं। हर रोज ऐसा ही होता था। टीचर्स सवेरे बाहर आकर बच्चों का स्वागत करतीं, हाल-चाल पूछतीं। उनसे हंसी-मजाक करतीं। अंतरिक्ष पापा के साथ आगे बढ़ा था कि प्रिंसिपल मैम ने उसे पुकारा, 'अंतरिक्ष, जरा रुको।' अंतरिक्ष और पापा रुक गए। प्रिंसिपल मैम उसके पास आईं और बोलीं, 'अंतरिक्ष, जरा मेरे साथ तो आओ।' कहती हुई वह अपने कमरे की तरफ बढ़ीं। अंतरिक्ष भी पापा के साथ उनके पीछे आया। वह कुर्सी पर बैठ गईं। फिर अंतरिक्ष को गोद में लेकर अपने मोबाइल पर कुछ पिक्चर्स दिखाने लगीं। पेड़ों की, फूलों की, झरने की, नाव की। साथ में बताती भी जा रही थीं, 'पता है कल मैं अपनी साइकिल से दूर जंगल में सैर करने गई थी। यह देखो सारे पेड़ों, फूलों और तितलियों के पिक्चर्स वहीं के हैं। और तुम्हारा बर्थ-डे गिफ्ट भी है।' कहते हुए मैम ने एक पिक्चर को एनलार्ज कर दिया। हरे रंग का बड़ा-सा पेड़ और उसके नीचे फन उठाए एक काला नाग दिखा। मैम ने बताया, 'कल जब मैं जा रही थी, तो अचानक मुझे यह सांप दिखा। मैंने फौरन तुम्हारे लिए इसका फोटो खींच लिया। पसंद आया बर्थ-डे गिफ्ट।'

यह सुनकर अंतरिक्ष और पापा दोनों मुस्कराए तो मैम आगे बोलीं, 'मैं तुम्हारे बर्थ-डे पर नहीं आ पाई थी न, अब इस फोटो को मैं तुम्हारी मम्मी को व्हाट्सएप मैसेज कर दूंगी।' फिर प्रिंसिपल मैम पापा से बोलीं, 'ऐसा बच्चा मैंने पहली बार देखा है, जो सांप, छिपकलियों और अन्य रेप्टाइल्स को इतना पसंद करता है। वरना तो बच्चे इनसे बहुत डरते हैं।'

पापा ने कहा, 'हां मैम, लेकिन अब हम ऐसे खिलौनों से इसे दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे पापा मतलब इसके दादा जी, कहते हैं कि कहीं ऐसा न हो कि कभी रियल सांप या छिपकली को खिलौना समझकर पकड़ने दौड़े। इसलिए इन चीजों से इसका ध्यान हटाना जरूरी है।'

'अरे हां, यह बात तो मैंने सोची ही नहीं। चलिए, मैं भी इस सांप की पिक्चर इसकी मम्मी को व्हाट्सएप नहीं करूंगी। ओके थैंक्स।' मैम तुरंत बोलीं।

अंतरिक्ष, पापा को देखकर मुस्कराया और जोर से बोला, 'थैंक्यू मैम।' फिर वह पापा के साथ अपनी क्लास की ओर बढ़ गया। रास्ते में ढेर सारी तितलियां उसके पास से गुजरीं। उसने उन्हें पकड़ने की कोशिश नहीं की। उसे याद आया, दादी मना करती हैं न। कहती हैं, 'मर जाएंगी बेचारी!' *

कविता
शादाब आलम




## बढ़िया आम

पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
हंसते-हंसते कहे चकोरी
ये लो बीस किलो की बोरी
दफ्तर से निबटा कर अपने सारे काम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
मुझको केक नहीं है खाना
चॉकलेट बिल्कुल मत लाना
मत लाना बर्फी, रसगुल्ला, कालाजाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
एक गाय अकसर आती है
आम शौक से वो खाती है
मैंने जोड़ा हिस्से में उसका भी नाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!
आमों का मौसम है जब तक
कम खाऊंगी खाना तब तक
पेट भरूंगी आमों से ही सुबहो-शाम!
पापा, लाना बड़े-बड़े से बढ़िया आम!

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पेपर-क्राफ्ट बना रहे बच्चे के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट तीन मिनट में सारे अंतर खोजकर बताओ।



उत्तर : 1. लड़के की कैंची के हैंडल का कलर डिफरेंट है। 2.लड़के के हाथ में ब्लैंक शीट है। 3.लड़के की हेयर स्टाइल आगे से अलग है। 4.लड़के के सिर के पीछे दिख रहे दो बाल गायब हैं। 5.लड़के की टी-शर्ट पर आगे स्ट्रिप बना हुआ है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, इस चित्र में एक खरगोश है, जिसे गाजर खाना है। लेकिन उसे गाजर के साथ और भी चीजें रखी दिखाई दे रही हैं। खरगोश को समझ में नहीं आ रहा है वह किस रास्ते से जाए कि उसे गाजर खाने को मिल जाए। खरगोश को गाजर तक पहुंचने में मदद तो करो।



## खबर संक्षेप



### मोटरसाइकिल सवार अफीम सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान फ्रेंडस कॉलोनी क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार युवक को 796 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान फ्रेंडस कॉलोनी में मौजूद थी। इस दौरान सामने से बाइक पर आ रहे युवक ने सामने पुलिस पार्टी को देखकर मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त मोटरसाइकिल सवार को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 796 ग्राम अफीम बरामद हुई।

### मोटरसाइकिल चोरी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रानियां।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में संलिप्त मुख्य आरोपी सुमित कुमार को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में बलदेव सिंह निवासी रणजीतपुर थेड़ी ने शिकायत दी थी कि कालु सब्जी वाली गली के पास से उसका बाइक चोरी हो गया था। पुलिस जांच के दौरान एक अन्य आरोपी को चोरीशुदा बाइक सहित पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्य आरोपी सुमित कुमार को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### विलक्षण योग एवं ध्यान साधना शिविर आयोजित

**सिरसा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से अपने स्वास्थ्य जाग्रति कार्यक्रम आरोग्य प्रकल्प के अंतर्गत स्थानीय रेलवे पार्क में विलक्षण योग एवं ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान की ओर योगाचार्य स्वामी विज्ञानानंद ने बताया कि बढ़ते हुए शहरीकरण, प्रदूषण, अनियमित आहार विहार और ओद्योगिकीकरण से जहां वृक्ष कटाव से प्राकृतिक असंतुलन की स्थिति पैदा हुई है, वहीं प्रदूषित वायु में सांस लेना भी दूभर हो चुका है।

## विकास के अभाव से जूझ रहा डिंग मंडी

# रेलवे अंडरब्रिज व जलभराव की समस्या बनी गले की फांस

**चुनाव जीतने के बाद भी सांसद का डिंग मंडी न पहुंचने पर ग्रामीणों में रोष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डिंग मंडी

डिंग मंडी एक बार फिर विकास की अनदेखी का शिकार बनता जा रहा है। क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी के चलते स्थानीय नागरिकों को रोजमर्रा की जिंदगी में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कहीं गलियां टूटी हुई हैं, तो कहीं सडक़ों में गहरे गड्ढे हैं, जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हैं। वहीं गलियों में पसरी गंदगी से बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है।

सबसे बड़ी समस्या डिंग मंडी के रेलवे अंडरब्रिज की है, जो वर्षों से बरसाती पानी के जमाव का केंद्र बना हुआ है। मानसून की हर पहली बारिश के साथ ही यह पुलिया पानी में डूब जाती है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। खास बात यह है कि यह मार्ग राजस्थान को पंजाब से जोड़ता है, जिस पर दिनभर भारी व हल्के वाहन दौड़ते हैं। अंडरब्रिज के अंदर बने गहरे गड्ढे दोपहिया चालकों के लिए



**सिरसा।** डिंग के अंडरब्रिज में भरा बरसाती पानी। *फोटो : हरिभूमि*

जानलेवा साबित हो रहे हैं। बीते पिछले सप्ताह बारीश होने पर अब भी करीब दो फुट पानी जमा पड़ा है जिससे अंजान दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहें है।

स्थानीय निवासी इस समस्या को लेकर वर्षों से प्रशासन और नेताओं को ज्ञापन सौंपते आ रहे हैं। परंतु नतीजा हमेशा सिफर रहा है। जब भी विधानसभा या लोकसभा चुनाव आते हैं, प्रत्याशी वोट मांगने जरूर पहुंचते हैं और वादे भी करते हैं। लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म होते हैं, वे क्षेत्र में झांकना भी जरूरी नहीं समझते। यही हाल इस बार भी देखने को मिला जब सांसद बनने के बाद कुमारी शैलजा का डिंग मंडी में एक बार भी धन्यवाद दौरा न करना लोगों की नाराजगी का कारण बना हुआ है।

लोगों का कहना है कि रेलवे अंडरब्रिज की समस्या का समाधान सांसद स्तर पर ही संभव है, क्योंकि यह रेलवे विभाग से जुड़ा मामला है। वर्षों से ग्रामीणों द्वारा अंडरब्रिज के स्थान पर ओवरब्रिज की मांग की जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। हर मानसून में पानी जमा होने से लोग घंटों फंसे रहते हैं, बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और मरीज अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते।

### स्टेशन के सामने सड़क की हालत बदतर

डिंग मंडी रेलवे स्टेशन के सामने वाली सडक़ की हालत भी बद से बदतर बनी हुई है। मामूली बारिश में ही सडक़ पर जलभराव हो जाता है। इससे स्टेशन तक पहुंचना एक जटिल कार्य बन जाता है। कई बार लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे न केवल उनका समय खराब होता है, बल्कि स्वच्छता को भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। स्थानीय लोग कहते हैं कि सरकार और प्रशासन ने आंखें मूंद रखी हैं। डिंग मंडी की समस्याएं केवल चुनावी भाषणों तक ही सीमित रह गई हैं। समाधान की दिशा में न तो कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है और न ही कोई योजना सामने आ रही है। डिंग मंडी के नागरिक अब भी आशावान हैं कि शायद सांसद कुमारी शैलजा क्षेत्र का दौरा कर इन समस्याओं की गंभीरता को समझेंगी और जल्द ही ठोस कार्यवाही की जाएगी।

## सरकार की नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को हड़ताल पर रहेंगे बिजली कर्मचारी

- कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का करने और पुरानी पेंशन बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बिजली कर्मचारी भी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। हड़ताल की तैयारियों को लेकर आज ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन सब यूनिट बड़ोपल में कार्यकर्ता कन्वेंशन आयोजित की गई। कन्वेंशन का संचालन सब यूनिट सचिव प्रीतम सिंह ने किया व अध्यक्षता प्रधान जीत सिंह ने की।

कन्वेंशन को संबोधित करते हुए सर्कल सचिव भूप सिंह व यूनिट उप प्रधान पवन कड़वा ने कहा कि आज सभी वर्ग किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, छात्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आन्दोलनरत है। सरकार सभी विभागों को बड़े पूंजीपतियों को बेचने का काम कर रही है। श्रम सुधार कानून में मजदूर विरोधी बदलाव कर दिए गए हैं। विभागों को सिकोड़ने का काम किया जा रहा है, पक्की भर्ती करने की बजाए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के नाम से कच्ची भर्ती का विभाग खोल दिया गया है। उनकी मांग है कि कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, निजीकरण पर रोक लगाई जाए, विभागों में खाली पड़े



**फतेहाबाद।** हड़ताल को लेकर सब यूनिट बड़ोपल की बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

लाखों बेरोजगारों को स्थाई भर्ती से भरा जाए। बिजली निगम में हजारों पद खाली है, इनमें स्थायी भर्ती की जाए। ऑनलाइन ट्रांसफर के नाम पर कर्मचारियों को ढाई-ढाई सौ किलोमीटर दूर नौकरी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, कर्मचारियों को जिला वाइज ड्यूटी होनी चाहिए ताकि डिपार्टमेंट का भी काम अच्छे ढंग से हो सके। राज्य में आठवें वेतन का अलग से आयोग गठित किया जाए, जनता को सस्ती व सुचारु बिजली दी जाए, महंगाई पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि इन तमाम मांगों को लेकर 9 जुलाई को ऐतिहासिक हड़ताल होगी। इस मौके पर यूनिट सचिव रामनिवास शर्मा, वित सचिव प्रेम वर्मा, उप प्रधान धर्मपाल ने भी कर्मचरियों को संबोधित किया।

## पुलिस ने काटे 5018 वाहनों के चालान नशे में वाहन चलाने पर 193 पर कार्रवाई

- अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाया अपराध मुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अपराध मुक्त अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस द्वारा जून माह में सडक़ सुरक्षा को लेकर सख्ती बरती गई। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले, हुड़दंग मचाने वाले व मनचलों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 5018 वाहनों के चालान किए गए। सडक़ पर नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष सख्ती बरतते हुए 193 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि जिले में सडक़ सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस टीमों को विशेष रूप से तैनात किया गया है।। वाहन चालकों को नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया, वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। शहर के मुख्य चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों की सख्ती से निगरानी की गई। हेलमेट न पहनना, बिना लाइसेंस वाहन चलाना, सीट बेल्ट न लगाना, रेड लाइट जंप करना, ट्रिपल सवारी व स्टंटबाजी जैसे मामलों पर भी कार्रवाई की गई। जून माह में यातायात पुलिस मोडिफाइड पटाखा साइलेंसर पर 90, काली फिल्म लगाने पर 30 चालान, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर 12, कम उम्र के बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर 6, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 494, निर्धारित गति से अधिक तेज वाहन चलाने पर 236, लेजर लाइट के प्रयोग पर 239 चालान किए गए हैं। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, और सड़क पर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

## कपास पर गुलाबी सुंडी का प्रकोप

- कृषि विशेषज्ञों की टीम ने किया गांव मताना व बीघड़ में निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारत सरकार की ओर से आई कृषि विशेषज्ञों की टीम ने फतेहाबाद क्षेत्र के गांव मताना व बीघड़ में जाकर गुलाबी सुंडी के प्रकोप का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पता चला की गुलाबी सुंडी का फिलहाल कपास की फसल पर प्रभाव नहीं है। इस दौरान कपास की खेती करने वाले किसानों को सलाह दी गई कि जिन किसानों ने अपने खेत में कपास की बछंटी का भंडारण कर रखा है। उन किसानों को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि इन किसानों के खेतों में गुलाबी सुंडी का प्रभाव अधिक होता है। इसके अलावा इन्हें



**फतेहाबाद।** कपास की फसल में गुलाबी सुंडी के प्रकोप का निरीक्षण करती कृषि विशेषज्ञों की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

सुझाव भी दिया गया कि कपास की बछंटियों को खेतों में इक_ा ना करें और अगर करते हैं तो इन्हें प्लास्टिक की सीट से ढक कर रखें। शुरुआती अवस्था में गुलाबी सुंडी से प्रभावित नीचे गिरे फूल, फूल डोडी व टिंडों को एकत्रित करके जला दें। इसके साथ ही किसानों को कपास में लगने वाले कीट एवं व्याधि से निपटने के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा सलाह दी जाती है कि फसल के शुरुआती दौर में एक खेत में कीटों की निगरानी रोकथाम के लिए कम से कम 2-5 फेरोमन ट्रैप प्रति एकड़ का इस्तमाल करे।

### किसानों को दी जानकारी

सर्वेक्षण के दौरान किसानों को एनपीएसएस मोबाइल एप राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली, मोबाइल एप के उपयोग के बारे में जानकारी भी दी जिससे किसान एप के माध्यम से अपनी फसल में लगने वाले कीट एवं व्याधि की जानकारी और सलाह तत्काल प्राप्त कर सकेंगे और अनावश्यक केमिकल पेस्टीसाइड का इस्तमाल रोका जा सकेगा। इस संयुक्त सर्वेक्षण के दौरान टीम में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशिजीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद से वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. लक्ष्मीचंद, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. सूरज बरनवाल व डॉ. केपी शर्मा, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी जगीर सिंह, कृषि विकास अधिकारी सुरेश कुमार व कृषि पर्यवेक्षक लवदीप शर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य किसान उपस्थित रहे।

### सरसों तेल के रेट बढ़ाकर बीजेपी सरकार ने गरीब परिवारों के साथ किया धोखा : सुनैना चौटाला



**फतेहाबाद।** प्रदेश की बीजेपी सरकार ने सरकारी राशन डिपो पर सरसों के तेल के रेटों में अढ़ाई गुना बढ़ोतरी करने को लाखों बीपीएल परिवारों के साथ धोखा किया है। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, वैसे-वैसे प्रदेश की बीजेपी सरकार अपना असली जनविरोधी चेहरा जनता के सामने ला रही है। यह बात इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने सरसों के रेट बढ़ाने के फैसले की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश सरकार ने बढ़ाये गए रेट को वापस नहीं लिया तो इनेलो इसके खिलाफ सडक़ों पर उतरेगी। उन्होंने फतेहाबाद में अपने जनसम्पर्क अभियान के दौरान गांव शेखुपुर, खाबड़ा, ढाबी कलां, रामसरा, सिरढ़ान, किरढ़ान, बनावाली और ढाण्ड का दौरा भी किया और ग्रामीणों से मिली और उन्हें इनेलो से जुडक़र संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। सुनैना चौटाला ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ रही महंगाई ने पहले ही गरीबों का जीना मुहाल कर रखा था। जैसे-तैसे काम कर गरीब अपने परिवार का पेट भर रहा था लेकिन सरकार गरीबों के मुंह से निवाला छीनकर उन्हें भूखे मरने के लिए मजबूर कर रही है। राशन डिपो पर गरीब परिवारों को पहले 2 लीटर सरसों के तेल की बोतल 40 रुपये में मिलती थी, लेकिन बीजेपी ने इसे अढ़ाई गुना बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया है। सरकार के इस फैसले से आम जनता में भारी निराशा है। सरकार का यह फैसला न केवल गरीब विरोधी है बल्कि बीजेपी की असलियत को भी जगजाहिर कर रहा है। सुनैना चौटाला ने कहा कि पहले सरकार के बिजली के रेट बढ़ाकर आम जनता को ठगा और अब तेल के रेट बढ़ाकर भाजपा ने गरीबों के जले पर नमक छिडक़ने का काम किया है।

- बीजेपी को बताई झूठी पार्टी, कहा : फ्री बिजली और महिलाओं को 2100 रुपये देने के वायदे हुए हवा-हवाई

### स्विमिंग प्रतियोगिता में छाए द आर्यन स्कूल के विद्यार्थी

**सिरसा।** जिला स्विमिंग चैंपियनशिप में द आर्यन स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रिंसीपल श्वेता माहेश्वरी ने बताया कि स्विमिंग कोच कुसुम के मार्गदर्शन में स्कूल की छात्रा आरोही कक्षा (8वीं) ने रजत, अगम ने ग्रेड 5 में कांस्य पदक व कुंश ने ग्रेड 8 में कांस्य पदक जीतकर स्कूल के साथ-साथ अभिभावकों का नाम रोशन किया। स्कूल डायरेक्टर अनिल गोयल, राकेश गोयल, चारू गोयल, स्पोर्ट्स अकेडमी ऑफ इंडिया के हैड अनिल चौधरी ने सभी विद्यार्थियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रिंसीपल श्वेता माहेश्वरी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ स्पोर्ट्स अकेडमी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार बेहतर खेल सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

### रिटायर्ड कर्मी संगठन की बैठक, ट्रेड यूनियनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को दिया समर्थन



**फतेहाबाद।** रिटायर्ड कर्मचारी संगठन फतेहाबाद की मासिक बैठक पीडब्ल्यूडी रैस्ट हाऊस में हुई। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई वहीं देश की ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को भी समर्थन देने का फैसला लिया है। इस हड़ताल में जिलेभर के रिटायर्ड कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधान हरिचंद कम्बोज ने की व संचालन महासचिव सुभाष चन्द्र चौहान ने किया। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारी एवं बीडीपीओ विभाग भूना के पूर्व लिपिक बलराज सिंह का जन्मदिन भी मनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान हरिचंद कम्बोज, महासचिव सुभाष चन्द्र चौहान व निहाल सिंह मताना ने सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। उन्हें लगातार प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। सरकार ने अब एक ओर जनविरोधी फैसला लेते हुए आयुष्मान योजना के तहत कवर होने वाली अनेक बीमारियों को इससे बाहर कर दिया है। यानि कि अब लोग इन बीमारियों का उपचार आयुष्मान योजना के तहत नहीं करवा पाएंगे। सरकार इस फैसले को तुरंत वापस ले। इसके अलावा संगठन ने मांग की है कि रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू की जाए और इसका पोर्टल तुरंत खोला जाए। 18 महीने का डीए एरियर तुरंत जारी हो, फैमिली पेंशनर्स को एलटीसी सुविधा दी जाए, कम्युटेशन की रिकवरी 15 वर्ष से घटाकर 12 वर्ष की जाए। इसके अलावा रेलवे में 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशनर्ज के लिए रेलवे में रियायती दर पर यात्रा सुविधा पुनः लागू करने, चिकित्सा भत्ता 5 हजार रुपये मासिक देने की मांग की गई।

### पीजी डिप्लोमा इन योगा में करियर की असीम संभावनाएं: वर्मा

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में संचालित पीजी डिप्लोमा इन योगा पाठ्यक्रम ने अकादमिक गुणवत्ता और सामाजिक सरोकारों को समर्पित रहते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी है। विभागाध्यक्ष प्रो. मोनिका वर्मा ने बताया कि पीजी डिप्लोमा इन योगा में कुल 30 सीटें निर्धारित हैं, जिनके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 7 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग का उद्देश्य नवाचार आधारित शिक्षण विधियों को बढ़ावा देना, व्यावसायिक दक्षता को सुदृढ़ करना और अंतर्विषयक ज्ञान के नए क्षेत्रों में गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। प्रो. वर्मा ने कहा कि योग आज के समय की आवश्यकता बन चुका है। यह न केवल मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम है, बल्कि रोजगार की दृष्टि से भी इसके व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। देश ही नहीं, विदेशों में भी योग प्रशिक्षकों की भारी मांग है।

## न्यूज डायरी

### ट्रस्ट ने आयुष विभाग में भेंट किया वाटर कूलर

**सिरसा।** जयदेव-सहदेव ट्रस्ट के प्रधान ललित जैन ने वीरवार को जिला नागरिक अस्पताल में स्थित आयुष विभाग में भेंट किए गए वाटर कूलर का उद्घाटन किया। ललित जैन ने कहा कि जयदेव-सहदेव ट्रस्ट का उद्देश्य जनसेवा के कार्यों के लिए किया गया है। विभाग द्वारा कुछ समय पूर्व वाटर कूलर के लिए ट्रस्ट से डिमांड की गई थी। समस्या को देखते हुए तुरंत प्रभाव से वाटर कूलर उपलब्ध करवाया गया है। वाटर कूलर से स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ उपचार के लिए आने वाले मरीजों को भी ठंडा पानी पीने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि अब तक ट्रस्ट की ओर से जिले में 6 करोड़ से अधिक की सहायता राशि सामाजिक संस्थाओं, गौशालाओं, स्कूलों, मंदिर व अन्य सामाजिक कार्यों के लिए सहयोग स्वरूप भेंट की जा चुका है। विभाग के स्टाफ ने वाटर कूलर के लिए ट्रस्ट व समाजसेवी ललित जैन का आभार व्यक्त किया।

### मीडिएशन फॉर द नेशन अभियान शुरू

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जन जागरूकता अभियान 'मीडिएशन फॉर दा नेशन' शुरू किया गया है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवेश सिंगला ने बताया कि मीडिएशन फॉर दा नेशन की शुरुआत प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। यह अभियान आगामी 30 सितम्बर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए मीडिएशन सेंटरों तथा अन्य वैकल्पिक साधनों द्वारा लोगों तक भारतीय न्यायिक तंत्र को मजबूत करने के लिए लाभ पहुंचाना सुर्निश्चत करना है। उन्होंने बताया कि न्यायालयों में लगातार बढ़ते हुए मुकदमों के बोझ से छुटकारा दिलवाने के लिए उपरोक्त समझौते की प्रणालियां बहुत उपयोगी साबित होगी।

**वर्कशॉप** राजीव गांधी लाइब्रेरी की पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल ने की अध्यक्षता

# एमएम कॉलेज में 'कोहा' साफ्टवेयर को लेकर सात दिवसीय वर्कशॉप का समापन

- इस प्रकार की कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण : डॉ. संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल कॉलेज में राजीव गांधी लाइब्रेरी की तरफ से पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल की अध्यक्षता में 'कोहा' साफ्टवेयर को लेकर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। 'लाइब्रेरी ऑटोमेशन विद कोहा : एक ओपन सॉर्स साफ्टवेयर' नाम से आयोजित इस वर्कशॉप के समापन समारोह में मुख्यअतिथि के




**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में आयोजित वर्कशॉप में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित करते प्राचार्य व पुस्तकालयध्यक्ष।। *फोटो : हरिभूमि*

तौर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने भाग लिया। उन्होंने वर्कशॉप में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किए। कार्यशाला के सफल आयोजित पर पुस्तकालय विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल व उनकी टीम को बधाई देते हुए डॉ. गुरचरण दास ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसी वर्कशॉप से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलता है। प्राचार्य ने कहा कि लाइब्रेरी का शोध में भी बहुत महत्व है, जहां पर यह पता चलता है कि शोध के लिए कौन-कौन से टाइटल व महत्वपूर्ण पुस्तकें लाइब्रेरी में उपलब्ध है।

डॉ. संध्या अग्रवाल ने बताया कि आज के युग में हर काम कम्प्यूटर पर किया जा रहा है। ऐसे में पुस्तकालय की सेवाएं भी हाइटैक होती जा रही है जिसमें कोहा सॉफ्टवेयर बेहद मददगार है। उन्होंने कहा कि कोहा सॉफ्टवेयर आज के दिन संसारभर में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाता है। विद्यार्थियों ने सात दिवसीय इस वर्कशॉप में कोहा को इंस्टाल करने से लेकर किताब इश्यु करने, रिटर्न करने तक जो भी सीखा है, उसको बार-बार प्रयोग के द्वारा प्रैक्टिकल तौर पर करते रहे।

जब यह विद्यार्थी किसी पुस्तकालय में कार्य करतें तो उस पुस्तकालय को इस साफ्टवेयर का प्रयोग करके कम्प्यूटराइज्ड अवश्य करें ताकि बेहतर सेवाएं दी जा सकें। उन्होंने कहा कि बिना लाइब्रेरी के शोध संभव नहीं है। उन्होंने वर्कशॉप में आयोजन में सहयोग के लिए प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों का भी धन्यवाद किया।

## कांग्रेस विधायक ने बीडीपीओ के खिलाफ खोला मोर्चा

**भ्रष्टाचार के आरोप, बीपीडीओ को पदमुक्त करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद के कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलपुरिया ने भी सिरसा के कांग्रेसी विधायक गोकुल सेतिया की तरह भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस विधायक ने फतेहाबाद के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अनिल कुमार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। इसको लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री को अधिकारी की शिकायत करते हुए उसे तुरंत पदमुक्त करने की मांग की है। बता दें कि भूना में 1 जुलाई से नए बीडीपीओ के तौर पर अब ऋषभ सिंगल ने कार्यभार संभाल लिया है और बीडीपीओ अनिल बिश्नोई ने एक जुलाई से ही भट्टू का भी चार्ज छोड़ दिया है। फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने सीएम के नाम लिखी पोस्ट में कहा कि सिरसा जिले में 1 मई 2022 को दर्ज एफआईआर नंबर 232 में भ्रष्टाचार का आरोपी बीडीपीओ अनिल कुमार हाईकोर्ट से जमानत पर है। ऐसे व्यक्ति की हैड ऑफिस में ड्यूटी होनी चाहिए लेकिन इसको जिला फतेहाबाद के तीन ब्लॉक भट्टू, फतेहाबाद व भूना के



**फतेहाबाद।** उपायुक्त कार्यालय में शिकायत देने पहुंची ब्लॉक समिति चेयरपर्सन ज्योति लूना।

बीडीपीआ का चार्ज दिया हुआ है और यहां भी भ्रष्टाचार का सरेआम खेल खेला जा रहा है। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि ब्लॉक समिति हाऊस में पास हुए काम भी नहीं किए जा रहे। इसी संदर्भ में भट्टू ब्लाक समिति चेयरपर्सन ज्योति लूणा ने भी उपायुक्त को एक शिकायत दी है कि मीटिंग के 6 महीने बाद भी एस्टीमेट तक तैयार नहीं किए गए।

**सूचना**

मैं, उग्रसैन पुत्र श्री गोपी राम गांव धरणियां, तहसील व जिला फतेहाबाद बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मुकेश कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी ने लगाए पौधे

**रतिया।** युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी द्वारा पौधारोपण अभियान के अंतर्गत दूसरे चरण में अध्यक्ष डॉ. पीयूष अरोड़ा के नेतृत्व में सदस्यों ने शहर की कृष्णा कालोनी स्थित पार्क में पौधे लगाकर शुरूआत की। इस मौके पर कालोनीवासी अश्वनी मोंगा, संजय कुमार, मनोज कक्कड़, हरीश आनंद ने पौधारोपण किया गया। कोआर्डिनेटर हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए सोसाइटी द्वारा पुनः अभियान की शुरुआत की गई है।

### बहबलपुर महाविद्यालय में किया पौधरोपण

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक जुलाई को एनएसएस इकाई के तत्वाधान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू हुआ। सात जुलाई तक चलने वाले इस पौधारोपण अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पौधे लगाए। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ माताओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ओ.पी. नागपाल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रकृति के संरक्षण के साथ मातृभूमि और मां के प्रति सम्मान व्यक्त करना है।

### भूना व रतिया क्षेत्र से दो वाहन चोरी, केस

**फतेहाबाद।** जिले में सक्रिय वाहन चोर गिरोह ने भूना व रतिया क्षेत्र से दो वाहन चोरी कर लिए। दोनों मामलों में सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भूथन खुर्द निवासी पवन कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से भूना आया था। यहां से अज्ञात चोर उसका मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**फतेहाबाद।** थाना शहर टोहाना पुलिस ने संजीवनी अस्पताल, टोहाना से बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को काबू कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक भी बरामद कर ली गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अजय उर्फ पंचर पुत्र अमर चंद, निवासी ईदगाह कॉलोनी, टोहाना के रूप में हुई है।

### जाखल व रतिया क्षेत्र से दो युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले में जाखल व रतिया क्षेत्र से दो युवतियों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में नई बस्ती, जाखल निवासी एक महिला ने कहा है कि उसकी 18 साल की लडक़ी गत दिवस बिना बताए घर से कहीं चली गई है और वापस घर नहीं लौटी है। उसने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। दूसरे मामले में सदर रतिया पुलिस ने गांव निमड़ी निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 19 वर्षीय लडक़ी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

## 13 करोड़ में 5 साल के लिए डोर टू डोर कचरा उठाने का 18 जून को होना था टेंडर

# नप के एक एमई के तबादले से नहीं खुला सफाई का टेंडर, बढ़ी परेशानी

- टेंडर खत्म होने के बाद शहर में डोर टू डोर नहीं उठ रहा कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

नगर परिषद का डोर टू डोर कचरा उठाने का टेंडर खत्म हो गया है। टेंडर खत्म होने के चलते शहर के 23 वार्डों में कचरा उठाने वाली गाडियां अब नहीं आएंगी, ऐसे में यहां की करीब 70 हजार की आबादी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



**टोहाना।** नगर परिषद में खड़ी डोर टू डोर कचरा उठाने वाली रेहडियां। फोटो : हरिभूमि

### प्रक्रिया चल रही

नगर परिषद द्वारा आगामी 5 वर्ष के लिए टेंडर देने की प्रक्रिया चल रही है, उसे तकनीकी तौर पर ओपन कर दिया है और जल्द ही फाइनेंशियल ओपन करने की बात कही जा रही है ताकि शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम दोबारा से व्यवस्थित तौर पर शुरू हो सके।

### 6 एजेंसियों का चयन

नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार उनके द्वारा टेंडर को तकनीकी तौर पर खोल दिया है जिसमें 6 एजेंसी का चयन किया गया है, दो दिन बाद फाइनेंशियल खोला जाएगा।

इसके बाद फिर केस बनाकर जिला नगर आयुक्त को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। यह फाइल फतेहाबाद से शहरी स्थानीय निकाय विभाग के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय मंजूरी के लिए जाएगी, वहां से मंजूरी आने के बाद ठेकेदार को वर्क ऑर्डर दिया जाएगा ताकि कार्य शुरू किया जा सके। नगर परिषद के अधिकारी आगामी 20 दिनों में उक्त प्रोसेस को पूरा करने की बात कह रहे है लेकिन तब तक जनता को परेशानियों से दो-चार होना पड़ेगा।

### ये आएगी परेशानी

नगर परिषद द्वारा पिछले करीबन दो साल पहले एक साल के लिए डोर टू डोर कचरा उठाने के लिए टेंडर लगाया गया था जिसके तहत सिरसा के रहने वाली फर्म के ठेकेदार द्वारा टिप्पर, साइकिल रेहड़ी व ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से कचरा उठाया जाता था। इस टेंडर के खत्म होने के बाद नगर परिषद द्वारा टेंडर को आगे बढ़ा दिया गया, जिसके बाद कचरा उठाने का काम चलता रहा। अब 30 जून तक की अप्रूवल खत्म होने के बाद ये सभी वाहन नगर परिषद में खड़े कर दिए गए है तथा ठेकेदार का कोई कर्मी अब कचरा उठाने के लिए नहीं जा रहा है।

### इस वजह से हो रही देरी

नगर परिषद द्वारा डोर टू डोर कचरा उठाने के लिए 5 साल के लिए 13 करोड़ 61 लाख की लागत से टेंडर लगाया गया है, जिसे 18 जून को ओपन किया जाना था लेकिन जाखल नगर परिषद के एमई राजेश चंदेल के तबादले के लिए चलते प्रक्रिया प्रभावित हुई, क्योंकि उनके पास टोहाना का एडिशनल चार्ज था। इसी बीच ईओ संदीप सोलंकी छुट्टी पर चले गए थे, जिसके चलते फतेहाबाद के ईओ चार्ज मिला। नगर परिषद में एक्सईन का पद खाली होने के चलते विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। विभाग द्वारा उक्त टेंडर के प्वाइंट अनुसार ठेकेदार को डोर टू डोर कचरा उठाने के बाद डंपिंग साइट पर कचरा डालने के बाद सेग्रीगेशन करना होगा, जिसमें कचरे को अलग अलग करना होगा। ठेकेदार को छोटी ई-रिक्शा 13, लाइट कमर्शियल व्हीकल 17 व एक जेसीबी रखनी होगी।

### विवादों में रहा टेंडर का कार्य

नगर परिषद द्वारा डोर टू डोर कचरा उठाने के लिए टेंडर दिया गया था जो कुछ महीने बाद से विवादों में आ गया था। इसके विरोध में पार्षदों सहित आमजन ने भी ठेकेदार के वाहन पूरे न होने, गलियों में सही तरीके से वाहन का न आना, डंपिंग प्वाइंट, कचरे का सेग्रीगेशन सहित अनेक खामियां सामने आई। इन खामियों की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग टीम हिसार, जिला नगर आयुक्त, एसडीएम टोहाना ने जांच की तो खामियां मिलने पर फर्म को नोटिस दिए गए थे।

### 20 दिन लगेंगे

टेंडर को तकनीकी तौर पर खोल दिया है। दो दिन में वित्तीय तौर पर खोला जाएगा। इसके बाद केस बनाकर उच्च अधिकारियों को मंजूरी के लिए भेज दिया जाएगा। आगामी 20 दिन में यह पूरा प्रोसेस कर लिया जाएगा।

-**संदीप सोलंकी**, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद टोहाना।



**फतेहाबाद।** रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हैफेड जिला प्रबंधक व अन्य अधिकारी।

## सहकारिता दिवस पर हैफेड में लगा रक्तदान शिविर

- कार्यालय में लगे शिविर में 105 लोगों ने रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के उपलक्ष्य में भट्टू रोड स्थित हैफेड के जिला कार्यालय में वीरवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हैफेड के कर्मचारी व शहर के अनेक युवाओं ने भाग लिया और रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। शिविर में 105 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। इस शिविर का शुभारंभ हैफेड के जिला प्रबंधक राजेश हुड्डा ने किया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के रूप मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में आज हैफेड कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हैफेड के अलावा बिजली विभाग व शिक्षा विभाग से भी कर्मचारियों ने रक्तदान किया। शिविर में जिला रेडक्रॉस सोसायटी से सुनील भाटिया, सुरेन्द्र चुघ के नेतृत्व में टीम ने अपनी सेवाएं दी। हैफेड के जिला प्रबंधक राजेश हुड्डा ने कहा कि रक्तदान को सबसे बड़ा दान कहा गया है। ऐसे में कर्मचारियों ने आज जिस उत्साह से रक्तदान किया, वह सराहनीय है। उन्होंने रक्तदान करने वाले कर्मचारियों व अन्य युवाओं को हैफेड की ओर से प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर हैफेड से जगदीश चन्द्र, ओमप्रकाश, राधेश्याम, रिछपाल, संदीप कुमार, सुरेन्द्र सिहाग, विक्रम सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते हैफेड जिला प्रबंधक व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## भगवान विष्णु के अवतारों का वृतांत सुनाया

- सृष्टि के विकास, धर्म की रक्षा के लिए विष्णु ने लिए अवतार : व्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सेक्टर-20 स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के 15वें स्थापना दिवस समारोह पर आयोजि श्रीमद्भागवत महापुराण साप्ताहिक कथा के चौथे दिन वृंदावन से आए कथा व्यास ललित किशोर व्यास ने भगवान विष्णु के अवतारों का वृतांत सुनाया। उन्होंने बताया कि मत्स्य अवतार में भगवान विष्णु ने सृष्टि को प्रलय से बचाने के लिए लिया। मत्स्य अवतार ने मनु को प्रलय से बचाया और वेदों की रक्षा की। यह अवतार जीवन के उद्भव और प्रकृति के संरक्षण का प्रतीक है। इसी प्रकार कूर्म अवतार में समुद्र मंथन के दौरान मंद्राचल पर्वत को सहारा देने के लिए। यह अवतार स्थिरता, धैर्य और संतुलन का प्रतीक है तथा भगवान विष्णु का वराह अवतार पृथ्वी को हिरण्याक्ष राक्षस से बचाने के लिए लिया गया। यह अवतार पृथ्वी की रक्षा और शक्ति का प्रतीक है। इसी प्रकार नरसिंह अवतार से भगवान ने भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। यह अवतार भक्ति, सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भगवान विष्णु का परशुराम अवतार क्षत्रियों के अत्याचार को रोकने और धर्म की पुनर्स्थापना के लिए लिया गया। इसी प्रकार भगवान ने राम अवतार में रावण का वध और मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में आदर्श जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए लिया। यह अवतार मर्यादा, कर्तव्य और सत्य का प्रतीक है।



**सिरसा।** अतिथियों को सम्मानित करते कथा व्यास। फोटो : हरिभूमि

## जयराम गुर्जर ने पावर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल

**सिरसा।** नई दिल्ली में आयोजित मि. इंडिया पावर लिफ्टिंग में गांव भंबूर निवासी जयराम गुर्जर ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। कोच आकाश राव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। जयराम गुर्जर ने इस प्रतियोगिता में पहली बार प्रतिभागिता करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन से गोल्ड मेडल जीतकर अभिभावकों के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है। कोच आकाश बताया कि जयराम काफी समय से पीआर फिटनेस पर उनके पास प्रशिक्षण ले रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें जयराम गुर्जर की सफलता पर गर्व है और उम्मीद है कि वो भविष्य में बहुत आगे जाएगा।

## मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

- बीडीपीओ ऋषभ सिंगल ने मौके पर जाकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ऋषभ सिंगल ने कार्यभार संभालने के दो दिन बाद विकास कार्यों की मौके पर जाकर जांच की। गुरुवार को उन्होंने ग्राम पंचायत नहला, बैजलपुर, दहमान, ढाणी गोपाल और खासा पठाना में मनरेगा के तहत हुए कार्यों और प्रस्तावित निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। बीडीपीओ ने तालाबों के सौंदर्यकरण, खेतों के रास्ते, सार्वजनिक स्थलों की सफाई और मनरेगा श्रमिकों के रिकॉर्ड की जांच की। बैजलपुर और ढाणी गोपाल में तालाब सौंदर्यकरण के कार्यों की उन्होंने सराहना की। उन्होंने कहा कि सामूहिक विकास कार्यों से पारदर्शिता बढ़ेगी और विरोध की भावना खत्म होगी। पंचायतों को सरकार की योजनाओं को तुरंत लागू करना चाहिए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हेमंत सिंह बैजलपुरिया, ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट मांगेराम गोदारा, ढाणी गोपाल की सरपंच रेशमा रामकुमार गोदारा, दहमान की सरपंच गीता देवी और मदन लाल यादव, नहला के सरपंच कृष्ण कुमार ढिल्लों, मनरेगा के कनिष्ठ अभियंता पवन कुमार, डीईओ विकास कुमार, हरदीप सिंह, ग्राम सचिव राजेश कुमार गुर्जर, राजेश कुमार शर्मा ,विक्की सिवाच, जगन



**भूना।** गांव नहला में खेतों के रास्ते को लेकर रिकॉर्ड देखते हुए बीडीपीओ।

## एसबीआई ने धूमधाम से मनाया 70वां स्थापना दिवस

**सिरसा।** भारतीय स्टेट बैंक माधोसिंघाना शाखा द्वारा बैंक का 70वां स्थापना दिवस शाखा प्रांगण में सम्मानित ग्राहकों की उपस्थिति में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। शाखा प्रबंधक गणेश पारीक ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक हर्ष वधवा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांव के सरपंच विनोद जांदू ने भारतीय स्टेट बैंक के स्टाफ की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि बैंक ग्रामवासियों को बहुत अच्छी सेवा प्रदान कर रहा है। मुख्य प्रबंधक हर्ष वधवा ने बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं को समाज के अंतिम वर्ग तक पहुंचाने की अपील की। शाखा प्रबंधक गणेश पारीक ने बैंक की स्वर्णिम विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैंक वर्तमान स्वरूप में पिछले 70 वर्षों से कार्य कर रहा है। सभी ग्राहकों को बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी के संबोधन का लाईव प्रसारण दिखाया गया। अंत में सभी को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया गया।



**सिरसा।** एसबीआई के 70वें स्थापना दिवस पर केक काटते हुए।

## घरों के आसपास पानी जमा न होने दें

- स्वास्थ्य विभाग ने मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को घर-घर चला जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

स्वास्थ्य विभाग भूना ने मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। इसके लिए चार अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। टीमें घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। टीम सदस्य जगह-जगह जाकर मच्छरों के लारवा की जांच कर रहे हैं। सीएचसी भूना के स्वास्थ्य निरीक्षक सतपाल यादव ने बताया कि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां मच्छरों से फैलती हैं। बरसात के मौसम में खाली डिब्बों, टायरों और गड्ढों में पानी जमा होने से मच्छर पनपते हैं। इन्हें रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बुखार से पीड़ित लोगों की एमपीएचडब्लू द्वारा रक्त पट्टिकाएं बनाई जा रही हैं। इससे बीमारी की पहचान कर उसे फैलने से रोका जा रहा है। इस अभियान में एमपीएचडब्लू, आशा वर्कर और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान मिल रहा है। इस मौके पर एमपीएचडब्लू मनोज कुमार, नवीन कुमार, संदीप कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



**भूना।** मच्छरों के लारवा की जांच करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## राम नाथ गोदारा निर्विरोध चुने गए ओढ़ा पैक्स के प्रधान

**ओढां।** दि ओढ़ा बहुदेशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड (पैक्स) का वीरवार प्रधान व उप प्रधान का चुनाव शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हो गया। चुनाव अधिकारी वेदप्रकाश निरीक्षक सहकारी समितियां डबवाली ने बताया कि ओढ़ा पैक्स समिति के कुल 10 सदस्यों में से आज 7 सदस्य उपस्थित हुए। उन सदस्यों ने सर्वसम्मति से राम नाथ गोदारा निवासी ख्योंवाली को प्रधान व टेक सिंह निवासी चोरमार को उप प्रधान चुन लिया। चुनाव जीतने के बाद प्रधान राम नाथ गोदारा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति के सदस्यों ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है मैं उसपर खरा उतरुंगा और किसानों के हितों की रक्षा करूंगा। इसके बाद समर्थकों ने सभी सदस्यों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और लड्डू खिला कर एक दूसरे का मूंह मीठा करवाया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कुलवंत सिंह गोदारा ख्योंवाली, सतनाम सिंह कुंडर पूर्व प्रधान व अन्य मौजूद रहे।



**सिरसा।** प्रधान व उपप्रधान चुने जाने के बाद एक दूसरे को लड्डू खिलाते हुए।

## धान पराली आपूर्ति श्रृंखला की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में जिला में धान पराली आपूर्ति श्रृंखला की स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक 15 जुलाई तक विभागीय पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि यह योजना पराली आधारित उद्योग, किसान, किसानों के समूह, किसानों की सहकारी समितियां और पंचायतों के लिए उपलब्ध है, जो उनके 25 किलोमीटर के दायरे में स्थित हों। आवेदन करने के लिए आवेदक को हरियाणा राज्य का निवासी होना अनिवार्य है और उसका उद्योग भी हरियाणा राज्य में स्थापित होना चाहिए। साथ ही आवेदक के पास बैंक से सैद्धांतिक मंजूरी और प्रस्तावित मशीनों की क्षमता 3000-4500 मीट्रिक टन प्रति सीजन होना चाहिए। इस योजना के तहत 100 प्रतिशत पराली आधारित उद्योग, पराली उद्योग और पराली एग्रीगेटर को वरीयता दी जाएगी, जिनके बीच द्विपक्षीय समझौता हो और वे पिछले दो वर्षों से पराली का प्रबंधन और खरीद कर रहे हों। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की लागत 1 करोड़ रुपये से 1.5 करोड़ रुपये तक है। आवेदन करने के लिए दो विकल्प उपलब्ध हैं जिसमें प्रथम विकल्प में परियोजना लागत का 65 प्रतिशत अनुदान, 25 प्रतिशत उद्योग और 10 प्रतिशत एग्रीगेटर का योगदान।

**शिविर** एडीसी अनुराग ढालिया ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की जन शिकायतें

# पारतां के रामकुमार ने लगाया सरकारी पैसे के दुरुपयोग का आरोप, समाधान शिविर में शिकायत

समाधान शिविर में कई अन्य ग्रामीणों ने भी शिकायतें रखी, समाधन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में प्राप्त नागरिकों की शिकायतों का तत्परता से निपटान करना सुनिश्चित करे। वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का समाधान शिविर आयोजित करने का मकसद नागरिकों की शिकायतों का निवारण करना है। समाधान शिविर में परखाराम ने पीपीपी में इनकम करवाने, चौबारा निवासी रोहित ने पुलिस कार्यवाही करवाने, फतेहाबाद निवासी अनिता ने रजिस्ट्री करवाने, पारता निवासी राम कुमार ने सरकारी पैसे का दुरूपयोग की जांच करवाने, दहमन निवासी भूप सिंह ने जल घर में पानी न मिलने, फतेहाबाद निवासी संतोष कुमार ने संबंधित व्यक्तियों पर कार्यवाही करने, बनावाली निवासी कृष्ण कुमार ने पीएम आवास योजना के तहत अनुदान राशि दिलवाने, सुलीखेड़ा निवासी दलीप सिंह ने वन मंडल कार्यालय से नुकसान में न्याय दिलवाने, गांव बड़ोपल निवासी कृष्ण ने नक्शे की तसदीक करवाने, ठाकर बस्ती निवासी राकेश कुमार ने बिजली का बिल माफ करवाने, ग्राम पंचायत भूथन कलां ने नहरी खाल में ट्यूबवैल का पानी चलाने से रोकने, भूथन खुर्द निवासी सावित्री देवी ने विधवा पेंशन जारी करवाने, भूना निवासी संजीव ने पानी की निकासी करवाने, मेवा सिंह ने सरकारी कार्यालय में डयूटी ज्वाइन न करवाने का आरोप लगाया

झलनियां निवासी सोहन लाल ने राशन कार्ड बनवाने, समस्त ढाबी कलां वासी ने पोस्टमैन के खिलाफ कार्यवाही करने, ढाबी कलां निवासी बलवीर ने पीपीपी में आय कम करवाने, फतेहाबाद निवासी मुकेश नारंग ने बिजली के खंभों को हटवाने, सीवरेज की साफ सफाई करवाने व स्ट्रीट लाइट लगवाने तथा झलनियां निवासी ब्रह्मा देवी ने मकान की दीवार पर बिना अनुमति ऊपर मकान बनाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने की शिकायत समाधान शिविर में रखी।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीडीपीओ अनूप सिंह, तहसीलदार आशीष, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद तुली सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।